आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
मंगलवार 01.07.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी।
- डिजिटल इंडिया के आज दस वर्ष पूरे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– यह मिशन अब एक जन आंदोलन बन गया है और यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की कुंजी है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में वनों के सतत प्रबंधन और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए कैंपा फंड का उपयोग करने के निर्देश दिये।
- प्रदेश भाजपा के लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बने महेंद्र भट्ट।

केंद्रीय मंत्रिमंडल

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। आज नई दिल्ली में कैबिनेट के फैसलों के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना के तहत पहली बार नौकरी पर आए कर्मचारियों को एक महीने का वेतन 15 हजार रुपये तक मिलेगा। उन्होंने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र के लिए दो साल के लिए विस्तारित लाभ के साथ, अतिरिक्त रोजगार सृजन के लिए नियोक्ताओं को दो साल तक की अवधि के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने कम से कम छह महीने तक निरंतर रोजगार वाले प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए नियोक्ताओं को दो साल के लिए तीन हजार प्रति माह तक का प्रोत्साहन देने का फैसला किया है। श्री वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक लाख करोड़ रुपये की निधि के साथ अनुसंधान विकास और नवाचार योजना को भी मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य देश के अनुसंधान और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण या पुनर्वित्त प्रदान करना है। श्री वैष्णव ने कहा कि देश के खेल परिदृश्य को बदलने और नागरिकों को खेल गतिविधियों से सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय खेल नीति 2025 को भी मंजूरी दी गई है।

डिजिटल इंडिया

डिजिटल इंडिया के आज 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। डिजिटल इंडिया ने देश के आम नागरिकों को तकनीक से जोड़ा है जिससे लोगों का जीवन आसान हुआ है।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि डिजिटल इंडिया एक जन आंदोलन बन गया है और यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण और भारत को दुनिया के लिए एक विश्वसनीय नवाचार भागीदार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के दस वर्ष पूरे होने पर एक ब्लॉग में उन्होंने कहा कि भारत डिजिटल शासन से वैश्विक डिजिटल नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है।

कैलाश मानसरोवर तैयारी

पांच साल के बाद पिथौरागढ़ जिले के लिपुलेख से कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू हो रही है। यात्रा का पहला दल 5 जुलाई को पिथौरागढ़ जिले में पहुंचेगा और धारचूला के बाद इसकी दुर्गम चरण की शुरुआत होगी। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने बताया कि बारिश को देखते हुए जिले में संवेदनशील सड़कों में अतिरिक्त मशीनों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि बारिश के चलते सड़के बंद हो रही हैं, लेकिन उन्हें जल्द

से जल्द खोल दिया जा रहा है। ऐसे में यात्रा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है।

मुख्यमंत्री/कैम्पा समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड क्षतिपूर्ति वनीकरण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण– कैंपा फंड का उपयोग राज्य में वनों के सतत प्रबंधन, वानिकी विकास, पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने और वनों पर आश्रित समुदायों के कल्याण के लिए करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। आज सचिवालय में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैंपा शासी निकाय की बैठक हुई। बैठक में कैंपा निधि के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने देहरादून शहर में ग्रीन कवर बढ़ाने को लेकर कैम्पा फंड इस्तेमाल किए जाने के लिए केंद्र सरकार के स्तर से भी अनुमति लेने की कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए प्रभावी योजना तैयार करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों में जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवीकरण को शीर्ष प्राथमिकता में रखा जाए। मुख्यमंत्री ने वनाग्नि रोकथाम के लिए आधुनिक तकनीक और सामुदायिक भागीदारी के जरिए व्यापक रणनीति बनाने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हरेला पर्व पर प्रदेश में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के लिए जन सहभागिता सुनिश्चित की जाए और लोगों को एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया जाए।

महेन्द्र भट्ट/प्रदेश अध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर महेंद्र भट्ट लगातार दूसरी बार चुने गए हैं। वे निर्विरोध पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए हैं। देहरादून में आयोजित भाजपा प्रदेश संगठन पर्व 2025 में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के नामों का अनुमोदन प्रांतीय परिषद की ओर से किया गया। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री व चुनाव अधिकारी हर्ष मल्होत्रा ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर उनके नाम की घोषणा की। पत्रकारों से बातचीत में श्री भट्ट ने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए वे पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठित करते हुए कार्य करेंगे।

वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्री भट्ट को दोबारा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके कुशल नेतृत्व में संगठन और अधिक ऊर्जा, प्रतिबद्धता और जनसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ेगा।

गौरतलब है कि कल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के लिए केवल महेंद्र भट्ट ने ही नामांकन किया था। वे वर्तमान में भी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

पंचायत चुनाव चम्पावत

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गयी है। चम्पावत जिले के चारों विकासखण्डों में नामांकन पत्रों की बिक्री के लिए न्याय पंचायतवार काउंटर लगाये गये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि सभी विकासखण्डों में स्ट्रॉन्ग रूम तैयार कर उसका निरीक्षण कर लिया गया है। साथ ही सभी मतदान केंद्रों में आवश्यक संसाधन जुटा लिए गए है। उन्होंने बताया कि जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति कर दी गई है।

एसबीआई रक्तदान शिविर

भारतीय स्टेट बैंक के 70वें स्थापना दिवस के मौके पर बागेश्वर में बैंक शाखा के 15 कार्मिकों ने जिला अस्पताल में रक्तदान किया। वहीं, बैंक की ओर से बैंक परिसर में एक हेल्प डेस्क लगाया गया, जहां आमजन को बैंकिंग सेवाओं व योजनाओं की जानकारी दी गई। बैंक प्रबन्धक आशुतोष राठौर ने बताया कि एसबीआई केवल बैंकिंग तक ही सीमित नहीं है, बल्कि हर समय समाज के कल्याण के लिए भी तत्पर है। इस तरह के आयोजन आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।